आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 20.12.2024 समय: 2.10 PM

## अमित शाह-एसएसबी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सशस्त्र सीमा बल-एसएसबी के स्थापना दिवस पर बल के सभी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री शाह ने कहा कि एसएसबी इंडिया ने अपने बलिदान और वीरता से राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक सेवा को सर्वोपरि बनाया है। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्रों में अपराध और अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए सीमा सुरक्षा और निगरानी के लिए समर्पित बहादुर जवानों के प्रयास सराहनीय रहे हैं।

## सिविल सर्विस मीट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्रशासन अकादमी, भोपाल में आई.ए.एस. ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित सिविल सर्विस मीट 2024 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सिविल सर्विस मीट का विचार-मंथन नए दौर के 'नए मध्यप्रदेश' के लिए लाभकारी रहेगा. उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में हमारे देश की एक अलग पहचान बनाने में आईएएस अधिकारियों की बड़ी भूमिका है.

## रिजिजू - बीजेपी एमपी

केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने बताया है कि जिन दो भाजपा सांसदों को कथित तौर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने धक्का दिया था, उनकी हालत स्थिर है। संसद भवन में मीडिया से बात करते हुए श्री रिजिजू ने कहा, सांसदों को संसदीय मर्यादा बनाए रखनी चाहिए और शारीरिक बल का सहारा नहीं लेना चाहिए।

इस बीच केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घायल भाजपा सांसद प्रताप सारंगी से नई दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में मुलाकात की। मीडिया से बात करते हुए श्री सिंह ने कहा कि देश की जनता लोकतंत्र और संसद का यह अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

बुरहानपुर स्वच्छता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के तहत अब बुरहानपुर शहर में ई-कचरा वाहन घर घर जाकर कचरा एकत्रित करेंगे। कचरा संग्रहण के लिए अब इलेक्ट्रिक कचरा वाहनों का उपयोग शुरू होगा। नगर निगम ने पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से 10 नए ई-कचरा वाहन खरीदे हैं। इन वाहनों को चार्ज करने के लिए नगर निगम मे ही चार्जिंग स्टेशन बनाया गया है। आरटीओ से रजिस्ट्रेशन होते ही इनका उपयोग शुरू हो जाएगा। साथ ही निगम सौर ऊर्जा उपयोग के लिए छत पर सोलर पैनल लगाने की भी तैयारी कर रहा है। इससे बिजली की खपत कम होगी।

मौसम

प्रदेश में हवाओं का रुख बदलने के कारण न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी है। इससे कड़ाके की ठंड से लोगों को राहत मिली है। मैदानी क्षेत्रों में सबसे कम 4 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान मंडला में रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में अगले 3-4 दिन तक रात का तापमान 2 से 3 डिग्री तक बढ़ेगा। इसके बाद कड़ाके की ठंड का दौर फिर आएगा।

समाचार संक्षेप में.....

1. बुरहानपुर में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नेपानगर में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित अकादमिक व सांस्कृतिक गतिविधियां हुई। इसमें शासकीय कॉलेज धुलकोट के विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया।

2. छिन्दवाड़ा में जिला प्रशासन और मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के संयुक्त प्रयासों से माचागोरा जल क्षेत्र में आज से 25 दिसंबर तक आयोजित हो रहे छिंदवाड़ा जल महोत्सव का आज शुभारम्भ हुआ ।

3. खरगोन जिले के बिस्टान थाना क्षेत्र में आज तड़के एक पिकअप वाहन पलट जाने के चलते दो लोगों की मृत्यु हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए।

4. नर्मदापुरम में ट्रैफिक पुलिस का हेलमेट और सीटबेल्ट चेकिंग अभियान जारी है। पुलिस ने देहात और शहर में चेकिंग अभियान के दौरान 812 वाहनों से चलानी कार्रवाई करते हुए 2 लाख 80 हजार 800 रुपए का जुर्माना वसूला है।

5. शिवपुरी के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आइटीबीपी केंद्र पर कल स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

6. नीमच जिले में महिलाओं एवं बच्चों के साथ होने वाली लैगिक हिंसा एवं सायबर अपराधों की रोकथाम के लिए जिला पंचायत में कार्यशाला आयोजित की गई।

...............................